रजिस्ट्री सं. डी.एल. (एन) 04/0007/2003—05 REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-सा.-02022023-243343
CG-DL-W-02022023-243343

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

साप्ताहिक
WEEKLY

सं. 3]	नई दिल्ली, जनवरी 22—जनवरी 28, 2023, शनिवार/ माघ 2—माघ 8, 1944
No. 3]	NEW DELHI, JANUARY 22—JANUARY 28, 2023, SATURDAY/ MAGHA 2—MAGHA 8, 1944

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 4
PART II—Section 4

रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश
Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence

रक्षा मंत्रालय

(रक्षा अनुसंधान तथा विकास विभाग)

नई दिल्ली, 20 जनवरी 2023

का.नि.आ. 52—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और रक्षा मंत्रालय, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, प्रशासनिक समूह 'क' और समूह 'ख' पद भर्ती नियम, 2012 को जहां तक कि उनका संबंध ज्येष्ठ प्रशासनिक सहायक और प्रशासनिक अधिकारी के पद से हैं, उन बातों के सिवाय अधिक्रान्त करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण का किया गया है या करने का लोप किया गया है, रक्षा मंत्रालय के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन में ज्येष्ठ प्रशासनिक सहायक और प्रशासनिक अधिकारी के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ - (1)** इन नियमों का संक्षिप्त नाम रक्षा मंत्रालय, रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन, ज्येष्ठ प्रशासनिक सहायक और प्रशासनिक अधिकारी (समूह 'ख' पद) भर्ती नियम, 2023 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. लागू होना – ये नियम इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (1) में विनिर्दिष्ट पदों पर लागू होंगे।

3. पदों की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर - उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट होंगे।

4. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अन्य अर्हताएं आदि - उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

5. निरर्हता - वह व्यक्ति,-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है, उक्त पदों में से किसी पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार है तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

6. शिथिल करने की शक्ति – जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण है, उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

7. व्यावृत्ति - इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पदों का नाम।	पदों की संख्या।	वर्गीकरण।	वेतन मैट्रिक्स में स्तर।
(1)	(2)	(3)	(4)
ज्येष्ठ प्रशासनिक सहायक	443* (2023) *कार्य भार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख', अराजपत्रित अनुसचिवीय।	वेतन मैट्रिक्स में स्तर – 06 (35400- 112400 रू)

चयन पद या अचयन पद।	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा।	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं।
(5)	(6)	(7)
चयन।	30 वर्ष से अधिक (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए पांच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है)। **टिप्पण:** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह होगी जो कर्मचारी चयन आयोग द्वारा विज्ञापित की जाए।	**आवश्यक :** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री **टिप्पण :** अर्हताएं, अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में कारणों के लिए जो लेखबद्ध किए जाएं, कर्मचारी चयन आयोग या सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती है।

सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु तथा शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	**परिवीक्षा की अवधि यदि कोई है।**	**भर्ती की पद्धति, भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता।**
(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता।	सीधी भर्ती के लिए 02 वर्ष **टिप्पण:** केन्द्रीय सरकार द्वारा यथाविहित परिवीक्षा को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए कम से कम दो सप्ताह की अवधि का अनिवार्य प्रेरण प्रशिक्षण होगा।	प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा; और (ii) चालीस प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा।

प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में, वह श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाए।	**यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना।**	**भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।**
(11)	(12)	(13)
प्रोन्नतिः वेतन मैट्रिक्स के स्तर-4 (25500-81100 रू.) में ऐसे प्रशासनिक सहायक ख जिन्होंने उस श्रेणी में मूल काडर में नियमित नियुक्ति के दस वर्ष सेवा की हो और जिन्होंने कार्मिक प्रतिभा तथा प्रबंधन केन्द्र या किसी अन्य मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से संबंधित क्षेत्र में दो या चार सप्ताह का अनिवार्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरी कर लिया हो। **टिप्पण:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली हो, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जबकि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक या दो वर्ष, इनमें से जो भी कम हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।	I समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति पर विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे:- 1. इलैक्ट्रॉनिक तथा रडार विकास स्थापना के निदेशक, रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन –अध्यक्ष; 2. ऐसे दो अधिकारी जो ज्येष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्रेणी II या ज्येष्ठ भंडार अधिकारी श्रेणी II या समतुल्य अधिकारी की पंक्ति से नीचे का न हो जिन्हें किसी भी भाग लेने वाली प्रयोगशालाओं या स्थापनाओं से नाम निर्दिष्ट किए जाएं - सदस्य; 3. ऐसे अधिकारी जो ज्येष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्रेणी I या वैज्ञानिक 'सी' की पंक्ति से कम के न हो जो किसी भी घटक स्थापना या प्रयोगशाला या जो रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन मुख्यालय के समतुल्य स्तर के अधिकारी से संबंधित न हो - सदस्य।	संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है।

(1)	(2)	(3)	(4)
2. प्रशासनिक अधिकारी।	330* (2023) *कार्य भार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख' राजपत्रित अनुसचिवीय।	वेतन मैट्रिक्स में स्तर –7 (44900रु.- 142400 रु.)

(5)	(6)	(7)
चयन।	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।

(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	(i) 67% प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है; और (ii) 33% प्रतिनियुक्ति द्वारा जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है।

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति: वेतन मैट्रिक्स के स्तर-6 (35400-112400 रु.) में ऐसे ज्येष्ठ प्रशासनिक सहायक जिन्होंने उस श्रेणी में पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो और जिन्होंने कार्मिक प्रतिभा तथा प्रबंधन केन्द्र या किसी अन्य मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से संबंधित क्षेत्र में दो से चार सप्ताह का अनिवार्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरी कर लिया हो। **टिप्पण:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा, परन्तु यह तब जबकि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्रों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या कानूनी या स्वशासी संगठनों के ऐसे अधिकारी,- (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए है; या (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6 (35400-112400 रु.) में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात	समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समितिः (प्रोन्नति पर विचार के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगेः- 1. महानिदेशक (मानव संसाधन रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन - अध्यक्ष; 2. निदेशक, कार्मिक या निदेशालय, मानव संसाधन विकास निदेशालय, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन – सदस्य; 3. अवर सचिव, (अनुसंधान और विकास), रक्षा मंत्रालय या सहायक वित्तीय सलाहकार, एकीकृत वित्त (अनुसंधान और विकास), रक्षा मंत्रालय या रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के उप निदेशक (कार्मिक निदेशालय या मानव संसाधन और विकास निदेशालय) – सदस्य।	संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है।

उस श्रेणी में पांच वर्ष सेवा की हो और (ख) जो निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव रखते हो, - (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक की डिग्री। (ii) वित्त या प्रशासन या स्थापना मामलो में दो वर्ष का अनुभव। **टिप्पण 1:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 2:** प्रतिनियुक्ति की अवधि (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) की अवधि साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।		

[फा. सं. डीएचआरडी/16342/आरआरस/प्रशासनिक काडर/सी/पी/03/79/डी(आरएंडडी)]

हर्षा रानी, अवर सचिव

MINISTRY OF DEFENCE

(Department of Defence Research and Development)

New Delhi, the 20th January, 2023

S.R.O. 52.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Ministry of Defence, Defence Research and Development Organisation, Administrative Group 'A' and 'B' posts Recruitment Rules, 2012, in so far as they relate to the posts of Senior Administrative Assistant and Administrative Officer, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the posts of Senior Administrative Assistant and Administrative Officer in the Defence Research and Development Organisation, Ministry of Defence, namely:-

1. **Short title and commencement. - (1)** These rules may be called the Ministry of Defence, Defence Research and Development Organisation, Senior Administrative Assistant and Administrative Officer (Group 'B' posts) Recruitment Rules, 2023.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Application.-** These rules shall apply to the posts as specified in column (1) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Number of posts, classification and level in pay matrix. -**The number of the said posts, their classification and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the said Schedule.

4. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc. -** The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating to the said posts shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

5. **Disqualification. -** No person, -

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who having a spouse living has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said posts:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

6. Power to relax. - Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

7. Saving. - Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Other Backward Classes, the Ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of posts.	**Number of posts.**	**Classification.**	**Level in pay matrix.**
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**
1. Senior Administrative Assistant.	443* (2023) * Subject to variation dependent on workload.	General Central Service, Group ‘B’, Non-Gazetted, Ministerial.	Level-6 in the pay matrix (Rs.35400-112400).

Whether selection post or non-selection post.	**Age-limit for direct recruits.**	**Educational and other qualifications required for direct recruits.**
(5)	**(6)**	**(7)**
Selection.	Not exceeding thirty years of age. (Relaxable for the Government servants upto the age of five years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government). Note: The crucial date for determining the age-limit shall be as advertised by the Staff Selection Commission.	Essential: Bachelor Degree from a recognised University. Note: Qualifications are relaxable at the discretion of the Staff Selection Commission or competent authority, for reasons to be recorded in writing, in the case of candidates otherwise well qualified.

Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.	**Period of probation, if any.**	**Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation / absorption and percentage of vacancies to be filled by various methods.**
(8)	**(9)**	**(10)**
Not applicable.	Two years for direct recruitment. Note: There shall be a mandatory induction training of at least two weeks duration for successful completion of probation as prescribed by the Central Government.	(i) sixty per cent. by promotion failing which by deputation including short term contract; and (ii) forty per cent. by direct recruitment.

In case of recruitment by promotion or deputation / absorption, grade from which	**If a Departmental Promotion Committee exists; what is its**	**Circumstances in which Union Public Service**

promotion or deputation / absorption to be made.	composition.	Commission is to be consulted in making recruitment.
(11)	(12)	(13)
Promotion: Administrative Assistant B in level-4 in the pay matrix (Rs.25500-81100) with ten years regular service in the grade and having successfully completed of two to four weeks mandatory training in the relevant area from Centre for Personnel Talent and management or any other recognised training institute. Note: Where juniors who have completed their qualifying or eligibility service are being considered for promotion, their seniors would also be considered provided they are not short of the requisite qualifying or eligibility service by more than half of such qualifying or eligibility service, or two years, whichever is less, and have successfully completed their probation period for promotion to the next higher grade along with their juniors who have already completed such qualifying or eligibility service. Deputation (including short term contract): Officers of the Central Government or the State Governments or Union territories or public sector undertakings or recognised Universities or recognised research institutions or statutory or autonomous **organisations.-** (a) (i) holding analogous posts on regular basis in the parent cadre or department; or (ii) with six years service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis in level-5 in the pay matrix (Rs. 29200-92300) or equivalent in the parent cadre or department; or (iii) with ten years service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis in posts in the Level-4 in the pay matrix (Rs. 25500-81100) or equivalent in the parent cadre or department; and (b) possessing the educational qualification prescribed for direct recruitment under column (7). **Note 1:** The departmental officers in the feeder category who are in the direct line of promotion shall not be eligible for consideration for appointment on deputation. Similarly, the deputationists shall not be eligible for consideration for appointment by promotion. **Note 2:** The period of deputation including the period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not exceed three	Group 'B' Departmental Promotion Committee (for considering promotion) consisting of :- 1. Director of Electronic and Radar Development Establishment, Defence Research and Development Organisation - Chairman; 2. Two officers not below the rank of Senior Administrative Officer Grade II or Senior Store Officer Grade II or equivalent Officer from any of the participating Laboratories Establishments – Members; 3. An officer not below the rank of Senior Administrative Officer Grade I or Scientist 'C' who does not belong to any of the constituent Establishment Laboratory or officer of equivalent level from Defence Research and Development Organisation Headquarter - Member. Group 'B' Departmental Confirmation Committee (for considering confirmation) consisting of :- 1. Director of Electronic and Radar Development Establishment, Defence Research and Development Organisation - Chairman; 2. Two officers not below the rank of Senior Administrative Officer Grade II or Senior Store Officer Grade II or equivalent officer from any of the participating Laboratories Establishments - Members; 3. An officer not below the rank of Senior Administrative Officer Grade I or Scientist 'C' who does not belong to any of the constituent Establishment Laboratory or officer of equivalent level from Defence Research and Development Organisation Headquarter - Member.	Consultation with Union Public Service Commission is not necessary.

years. **Note 3:** The maximum age-limit for appointment by deputation shall be Not exceeding fifty-six years as on the last date receipt of applications.		

(1)	(2)	(3)
2. Administrative Officer.	330* (2023) * Subject to variation dependent on workload.	General Central Service, Group 'B', Gazetted, Ministerial.

(4)	(5)	(6)	(7)
Level-7 in the pay matrix (Rs.44900-142400).	Selection.	Not applicable.	Not applicable.

(8)	(9)	(10)
Not applicable.	Not applicable.	(i) sixty-seven per cent. by promotion failing which by deputation including short term contract; and (ii) thirty-three per cent. by deputation including short term contract.

(11)	(12)	(13)
Promotion: Senior Administrative Assistant in level-6 in the pay matrix (35400-112400) with five years regular service in the grade and having successfully completed training of two to four weeks in the relevant area from Centre for Personnel Talent and Management or any other recognised training institute. **Note :** Where juniors who have completed their qualifying or eligibility service are being considered for promotion, their seniors would also be considered provided they are not short of the requisite qualifying or eligibility service by more than half of such qualifying or eligibility service or two years, whichever is less, and have successfully completed their probation period for promotion to the next higher grade alongwith their juniors who have already completed such qualifying or eligibility service. Deputation (Including short term contract): Officers of the Central Government or the State Governments or Union territories or public sector undertakings or recognised Universities or recognised research institutions or statutory or autonomous organisations,- (a) (i) holding analogous posts on regular basis in the parent cadre of department; or (ii) with five years service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis in level-6 in the pay matrix (Rs.35400-112400) or in the parent cadre or department; and	Group 'B' Departmental Promotion Committee (for considering promotion) consisting of:- 1. Director General (Human Resource) Defence Research and Development Organisation - Chairman; 2. Director, Directorate of Personnel, or Director, Directorate of Human Resource Development, Defence Research and Development Organisation - Member; 3. Under Secretary, (Research and Development), Ministry of Defence or Assistant Financial Advisor, Integrated Finance (Research and Development), Ministry of Defence or Deputy Director of (Directorate of personnel or Directorate of Human Resource and Development) from Defence Research and Development Organisation - Member.	Consultation with Union Public Service Commission is not necessary.

(b) possessing the following educational qualifications and experience,- (i) Bachelor degree from a recognised University or institute. (ii) two year experience in Accounts or Administration or Establishment matters. **Note 1:** The Departmental Officers in the feeder category who are in the direct line of promotion shall not be eligible for consideration for appointment on deputation. Similarly, deputationists shall not be eligible for consideration for appointment by promotion. **Note 2:** The Period of deputation (including short term contract) including period of deputation (including short term contract) in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years. **Note 3:** The maximum age-limit for appointment by deputation (including short term contract) shall not exceed fifty-six years as on the closing date of receipt of application.		

[F. No. DHRD/16342/RRs/Admin Cadre/C/P/03/79/D(R&D]

HARSHA RANI, Under Secy.

नई दिल्ली, 20 जनवरी, 2023

का.नि.आ. 53.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन और वैमानिक गुणता आश्वासन महानिदेशालय, रक्षा मंत्रालय, लेखा काडर भर्ती नियम 1999 को जहां तक उसका संबंध ज्येष्ठ लेखा अधिकारी श्रेणी-2 के पद से हैं, उन बातों के सिवाय अधिक्रान्त करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने से पहले लोप किया गया है, रक्षा मंत्रालय के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन और वैमानिक गुणता आश्वासन महानिदेशालय में ज्येष्ठ लेखा अधिकारी श्रेणी-2 के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ - (1)** इन नियमों का संक्षिप्त नाम रक्षा मंत्रालय, रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन और वैमानिक गुणता आश्वासन महानिदेशालय, लेखा काडर, ज्येष्ठ लेखा अधिकारी श्रेणी-2 (समूह 'क' पद) भर्ती नियम, 2023 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर -** उक्त पद की संख्या, उनका वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट होंगे।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि -** उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और अन्य बातें वे होगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता -** वह व्यक्ति,-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है, उक्त पदों पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार है तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. शिथिल करने की शक्ति – जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण है, उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. व्यावृत्ति - इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पद संख्या	वर्गीकरण	वेतन मैट्रिक्स में स्तर
(1)	(2)	(3)	(4)
4. ज्येष्ठ लेखा अधिकारी श्रेणी-2	39* (2023) *कार्य भार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित अनुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स में स्तर – 10, (56100-177500/-रू)

चयन पद या अचयन पद	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं
(5)	(6)	(7)
चयन।	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।

सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु तथा शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि यदि कोई है।	भर्ती की पद्धति, भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता।
(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता।	दो वर्ष।	75% प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और 25% प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा।

प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में, वह श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाए।	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना।	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।
(11)	(12)	(13)

प्रोन्नतिः वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर-7 (44900-142400 रू.) में ऐसे लेखा अधिकारी जिन्होंने उस श्रेणी में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात पांच वर्ष सेवा की हो और जिन्होंने कार्मिक प्रतिभा तथा प्रबंधन केन्द्र या किसी अन्य मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से संबंधित क्षेत्र में दो या चार सप्ताह का अनिवार्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरी कर लिया हो। **टिप्पण 1:** पुनरीक्षित नियमों की अधिसूचना की तारीख से नियमित आधार पर पोषक पद धारण करने वाले ऐसे व्यक्तियों के लिए जिन्होंने पात्रता सेवा तीन वर्षों तक जारी रखी है। **टिप्पण 2:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली हो, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जबकि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक या दो वर्ष, इनमें से जो भी कम हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।	समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति पर विचार करने के लिए), निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:- 1. अध्यक्ष या सदस्य संघ लोक सेवा आयोग – अध्यक्ष; 2. महानिदेशक, अनुसंधान तथा विकास, रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन – सदस्य; 3. निदेशक, कार्मिक निदेशालय या निदेशक, मानव संसाधन विकास निदेशालय, रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन - सदस्य;	प्रत्येक अवसर पर पदों को भरने के लिए संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है।

[फा. सं. डीएचआरडी/97011/आरआरएस/लेखा काडर/सी/पी/02/80/डी(आरएंडडी)]

हर्षा रानी, अवर सचिव

पाद टिप्पण: – मूल नियम भारत के राजपत्र, भाग 2, खंड 4 का.नि.आ. सं. 132, तारीख 31 जुलाई 1999 द्वारा प्रकाशित किए गए थे, का.नि.आ. सं. 83, तारीख 27 मार्च 2002, का.नि.आ. सं. 171, तारीख 22 जुलाई 2002, का.नि.आ. सं. 11, तारीख 1 जनवरी 2004, का.नि.आ. सं. 61 तारीख, 5 जुलाई, 2008 द्वारा संशोधित किए गए थे।

New Delhi, the 20th January, 2023

S.R.O. 53.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Defence Research and Development Organisation, and Directorate General of Aeronautical Quality Assurance, Ministry of Defence Accounts Cadre Recruitment Rules, 1999, in so far as they relate to the post of Senior Accounts Officer Grade-II, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment for the post of Senior Accounts Officer Grade-II in the Defence Research and Development Organisation and Directorate General of Aeronautical Quality Assurance, Ministry of Defence, namely:-

1. Short, title and commencement.- (1) These rules may be called the Ministry of Defence, Defence Research and Development Organisation and Directorate General of Aeronautical Quality Assurance, Accounts Cadre, Senior Accounts Officer Grade-II (Group 'A' post) Recruitment Rules, 2023.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of post, classification and level in pay matrix. - The number of the said post, its classification and the level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc. - The method of recruitment, age-limit, qualification and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. **Disqualification.** - No person,-

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax.- Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. bSaving.- Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Other Backward Classes, the Ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time.

SCHEDULE

Name of post.	**Number of post.**	**Classification.**
(1)	**(2)**	**(3)**
4. Senior Accounts Officer Grade-II.	39* (2023) * Subject to variation dependent on work load.	General Central Service Group 'A' Gazetted, Non-Ministerial.

Level in the pay matrix	**Whether selection post or non-selection post.**	**Age limit for direct recruits.**	**Educational and other qualification required for direct recruits.**
(4)	**(5)**	**(6)**	**(7)**
Pay Level-10, (Rs. 56100-177500/-) in the pay matrix.	Selection.	Not applicable.	Not applicable.

Whether age and educational qualification prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.	**Period of probation, if any.**	**Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation or absorption and percentage of vacancies to be filled by various methods.**
(8)	**(9)**	**(10)**
Not applicable.	Two years.	75% promotion failing which by deputation and 25% deputation or absorption.

In case of recruitment by promotion or deputation or absorption , grade from which promotion or deputation or absorption to be made.	**If Departmental Promotion Committee exists; what is its composition.**	**Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment.**
(11)	**(12)**	**(13)**
Promotion: Accounts Officer in Pay Level-7 (Rs. 44900-142400) in the pay matrix with five years service in the grade rendered after appointment thereto on regular basis and having successfully completed two to four weeks mandatory training in the relevant area from Centre for Personnel Talent and Management or any other recognised training Institute. **Note 1:** The eligibility service continue to be three years for the persons holding the feeder posts on regular basis on the date of notification of the revised reles. **Note 2:** Where juniors who have completed their qualifying or eligibility service are being considered for promotion, their seniors would also be considered provided they are not short of the requisite qualifying or eligibility service by more than half of such qualifying or eligibility service or two years, whichever is less and have	Group 'A' Departmental Promotion Committee (for considering promotion) consisting of:- 1.Chairman or Member of Union Public Service Commission - Chairman; 2. Director General, Research and Development, Defence Research and Development Organisation - Member; 3. Director, Directorate of	Consultation with Union Public Service Commission is necessary for filling up the post on each occasion.

successfully completed their probation period for promotion to the next higher grade alongwith their juniors who have already completed such qualifying or eligibility service. Deputation/Absorption: Officers under the Central Government or State Government or Union Territory Administrations: (A) (i) holding analogous posts on regular basis in the parent cadre or Department; or (ii) with two years service in the grade rendered after appointment thereto on regular basis in level-9 (53100-167800/-) in the pay matrix or equivalent in the parent Cadre or department; or (iii) with four years service in the grade rendered after appointment thereto on regular basis in level-8 (Rs. 47600-151100/-) in the pay matrix or equivalent in the parent cadre or department; and (B) possessing the following educational qualification and **experience:** (i) Bachelor degree from a recognized University or Institute. (ii) Three years experience in Accounts, management of finance and budgeting. **Note 3:** The Departmental Officers in the feeder category who are in the direct line of promotion shall not be eligible for consideration for appointment on deputation. Similarly, the deputationists shall not be eligible for consideration for appointment by promotion. **Note 4:** the period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other Organisation or Department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years. The maximum age-limit for appointment by deputaion shall not exceed 56 years as on the closing date of receipt of applications.	Personnel or Director, Directorate of Human Resource Development, Defence Research and Development Organisation - Member; 4. Director or Deputy Secretary (Research and Development), Ministry of Defence or Director, AFHQ Civil Service, Ministry of Defence or Director or Deputy Finance Adviser, Integrated Finance (Research and Development), Ministry of Defence - Member. Group 'A' Departmental confirmation Committee (for considering confirmation) consisting of:- 1. Director General, Research and Development - Chairman; 2. Director, Directorate of Personnel or Director, Directorate of Human Resource Development, Defence Research and Development Organisation - Member; 3. Deputy Secretary (Research and Development), Ministry of Defence or Director, AFHQ Civil Service, Ministry of Defence or Director or Deputy Finance Adviser, Integrated Finance (Research and Development), Ministry of Defence - Member.	

[DHRD/97011/RRs/Accounts Cadre/C/P/02/80/D (R&D)]

HARSHA RANI, Under Secy.

Foot Note:—The Principal Rules were published in Gazette of India, Part II, Section 4 vide S.R.O. No. 132, dated 31st July 1999, amended vide S.R.O. No. 83, dated the 27th March, 2002, S.R.O. No. 171, dated the 22nd July 2002, S.R.O. No. 11, dated the 01st January, 2004, S.R.O. No. 61 dated, the 5th July, 2008.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. MANOJ KUMAR VERMA Digitally signed by MANOJ KUMAR VERMA Date: 2023.02.02 15:58:31 +05'30'